# इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून

**(IGNOU REGIONAL CENTRE, DEHRADUN)**

## नोटिस (9 जुलाई 2020)

### विषय : शिक्षार्थियों की जिज्ञासा के समाधान हेतु इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून द्वारा प्रतिदिन आयोजित ज़ूम मीटिंग एवं टेलीग्राम ऐप पर बनाये गए ग्रुप के सम्बन्ध में सूचना

प्रिय शिक्षार्थियों,

आप जानते हैं कि कोविड-19 महामारी के कारण इग्नू सहित देश के सभी शैक्षणिक संस्थान अभी तक पूर्णतः खुले नहीं हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षार्थियों को अपनी समस्याओं के समाधान में परेशानी हो रही होगी।

**इस स्थिति को देखते हुए इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून द्वारा शिक्षार्थियों की जिज्ञासा के समाधान हेतु प्रतिदिन (सप्ताह में सातों दिन) ज़ूम मीटिंग ऐप द्वारा दिन में 1:00 PM से 1:40 PM तक ऑनलाइन मीटिंग आयोजित की जा रही है।** इस मीटिंग में कोई भी शिक्षार्थी अपने मोबाइल या लैपटॉप पर ज़ूम ऐप डाउनलोड/इनस्टॉल करके सम्मिलित हो सकता है एवं अपने प्रश्न या जिज्ञासा के समाधान हेतु इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के अधिकारियों एवं अध्ययन केंद्र के समन्वयकों से बातचीत कर सकता है।

मीटिंग में सम्मिलित होने के लिए पहले गूगल प्ले स्टोर से अपने मोबाइल/लैपटॉप पर ज़ूम क्लाउड मीटिंग ऐप इस्टॉल करें। इसका लिंक है :

**https://play.google.com/store/apps/details?id=us.zoom.videomeetings**

ऐप डाउनलोड/इनस्टॉल करने के बाद **1:00 PM** पर नीचे दिए लिंक पर क्लिक करके आप मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं :

**Link to Join Daily Zoom Meeting of 1PM - 1:40PM**

**https://us04web.zoom.us/j/2833s882594?pwd=azJMV0pIeUZ1bzYvNGllcHRWVHJzQT09**

उपरोक्त लिंक को कॉपी करके अपने व्हाट्सऐप या ईमेल पर सुरक्षित रख सकते हैं। यदि लिंक से ज्वाइन करने में कोई परेशानी हो रही हो तो वे नीचे दिए गए मीटिंग आई डी एवं पासवर्ड द्वारा भी मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं।

**Meeting ID: 283 388 2594**
**Password: 123**

**आप दिए गए QR कोड को QR कोड स्कैनर से स्कैन करके भी मीटिंग के लिंक तक पहुंच सकते हैं।**

जून 2020 माह में यह मीटिंग 4 PM को होती थी, किन्तु 1 जुलाई 2020 से यह मीटिंग 1PM से 1:40PM तक आयोजित की जाती है। मीटिंग लिंक, आई डी व पासवर्ड 31 जुलाई 2020 तक वैद्य हैं।

(P.T.O)

आपको यह भी सूचित करना है कि इग्नू द्वारा प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों की ऑनलाइन माध्यम से काउंसलिंग की जा रही है एवं इनके अतिरिक्त विभिन्न संस्थानों द्वारा अनेक वेबिनार, कांफ्रेंस आदि का भी आयोजन किया जा रहा है। **इन गतिविधियों की सूचनाएं शिक्षार्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से टेलीग्राम मोबाइल ऐप पर इग्नू देहरादून के शिक्षार्थियों हेतु एक ग्रुप (IGNOU Dehradun for Students) बनाया गया है।**

आपकी सूचना के लिए बता दें कि टेलीग्राम मोबाइल ऐप व्हाट्सएप्प की तरह ही सन्देश भेजने का मोबाइल ऐप है। इसकी क्रियाविधि व्हाट्सएप्प के सामान ही है। व्हाट्सएप्प के एक ग्रुप में 255 सदस्य हो सकते हैं जबकि टेलीग्राम ऐप के ग्रुप में 2 लाख तक सदस्य हो सकते हैं। इग्नू के शिक्षार्थियों की बड़ी संख्या देखते हुए टेलीग्राम ऐप पर उपरोक्त ग्रुप बनाया गया है।

**अतः सभी शिक्षार्थियों से अनुरोध है कि आप नीचे दिए लिंक से अपने मोबाइल पर टेलीग्राम ऐप डाउनलोड व इनस्टॉल कर लें:**

https://play.google.com/store/apps/details?id=org.telegram.messenger

**ऐप इनस्टॉल करने के बाद, आप नीचे दिए लिंक पर क्लिक करके इग्नू का ग्रुप ज्वाइन कर लें:**

https://t.me/joinchat/TO_Cxhpb351Pjk1tyPZjFQ

**आप दिए गए QR कोड को QR कोड स्कैनर से स्कैन करके भी टेलीग्राम ग्रुप ज्वाइन करने के लिंक तक पहुंच सकते हैं।**

मीटिंग में सम्मिलित होने में या टेलीग्राम ग्रुप ज्वाइन करने में किसी परेशानी की स्थिति में आप नीचे दी गयी ईमेल पर संपर्क कर सकते हैं: **Ignouddn.study@gmail.com**

उपरोक्त सम्बन्ध में किसी परिवर्तन की सूचना एवं प्रतिदिन आयोजित होने वाली ऑनलाइन काउंसलिंग की रूपरेखा जानने हेतु आप इग्नू देहरादून की वेबसाइट **(http://rcdehradun.ignou.ac.in/)** को नियमित रूप से देखते रहें।

**आप दिए गए QR कोड को QR कोड स्कैनर से स्कैन करके भी इग्नू देहरादून की वेबसाइट तक पहुंच सकते हैं।**

**शुभकामनाओं सहित**

**क्षेत्रीय निदेशक**

**इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून**